सांदीपनि विद्यालयों के लोकार्पण को बनाएं उत्सव

▶ मंत्रालय में सांदीपनि विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा में सीएम ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय प्रदेश के सभी नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विद्यालयों का लोकार्पण औपचारिक कार्यक्रम न होकर शिक्षा, संस्कृति और जनभागीदारी का सामाजिक उत्सव बने.

उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित स्कूल चलें अभियान के दौरान आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण आनंद के उत्सव के रूप में मनाया जाए. यह नए भवनों के उद्घाटन के साथ हमारे नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए अध्याय का शुभारंभ है. उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों को यादगार बनाने के लिए बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएं. साथ ही सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार एवं मिष्ठान्न वितरित किया जाए, जिससे यह अवसर उनके लिए अविस्मरणीय बन सके.

बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि वर्तमान में 70 सांदीपनि विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के 46 एवं जनजातीय कार्य विभाग के 24 (कुल 70) सांदीपनि विद्यालय लोकार्पण के लिए तैयार हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों के प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इनका लोकार्पण कराया जाये.

मंत्रालय में थोकबंद पदोन्नति

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 जुलाई. राज्य सरकार के आदेश के बाद अब सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों की पदोन्नति का सिलसिला शुरू हो गया है. एक दिन पहले विधानसभा में हुए तबादलों के बाद शुक्रवार को मंत्रालय में मंत्रालय संवर्ग के 301 सहायक ग्रेड-3 को सहायक ग्रेड 2 के पद पर पदोन्नत कर दिया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. इधर बाकी विभागों ने भी पदोन्नति को लेकर कवायद शुरू कर दी है. इसी तरह 162 सहायक ग्रेड 2 को सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति किया गया है।

मानव तस्करी से निपटने समन्वित कार्रवाई हो

▶ कार्यशाला में अतिरिक्त महानिदेशक अनिल कुमार ने कहा

विशेष संवाददाता

भोपाल, 3 जुलाई. मानव तस्करी जैसे संगठित अपराधों की प्रभावी रोकथाम और जांच को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को राज्य स्तरीय क्षमता संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यशाला में प्रदेशभर के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) के अधिकारी, महिला अपराध अनुसंधान अधिकारी, विभिन्न शासकीय विभागों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

कार्यशाला में महिला सुरक्षा शाखा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार ने कहा कि मानव तस्करी केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि एक जटिल संगठित अपराध है, जिससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि जागरूकता, रोकथाम, पीड़ितों का सुरक्षित बचाव तथा उनका पुनर्वास मानव तस्करी विरोधी रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ हैं. उप पुलिस महानिरीक्षक सिमाला प्रसाद ने पीड़ित-केंद्रित जांच की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक गुमशुदगी के मामले को संभावित मानव तस्करी के दृष्टिकोण से भी परखा जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि किसी भी गुमशुदगी के बाद शुरुआती 48 घंटे सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और इसी अवधि में त्वरित कार्रवाई से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं. संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने बाल तस्करी, अवैध गोद लेने के मामलों की प्रभावी जांच, समय रहते हस्तक्षेप, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय तथा पीड़ितों और उनके परिवारों की काउंसलिंग सहित समग्र पुनर्वास पर विशेष जोर दिया.

नर्मदापुरम, सागर आईजी, शाजापुर व शहडोल पुलिस अधीक्षक बदले

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल 3 जुलाई. राज्य सरकार ने शुक्रवार रात भारतीय पुलिस सेवा के 9 अफसरों के तबादले किए हैं. इन तबादलों में 3 जोन के पुलिस महानिरीक्षक , एक पुलिस महानिरीक्षक सहित दो जिलों के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं.

आदेश के तहत रुचिवर्धन मिश्र को पुलिस महानिरीक्षक भोपाल ग्रामीण जोन की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. चंद्रशेखर सोलंकी को आईजी नर्मदापुरम जोन नर्मदापुरम पदस्थ किया गया है. मिथिलेश शुक्ला को पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. इधर सिमाला प्रसाद को उप पुलिस महानिरीक्षक खरगोन रेंज खरगोन के पद पर पदस्थ किया गया है. इसी क्रम में शाजापुर और शहडोल जिलों के पुलिस अधीक्षक को बदल दिया गया है. संजय कुमार अग्रवाल शहडोल और प्रियंका शुक्ला शाजापुर जिले की पुलिस अधीक्षक होंगी.

इन अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

- हरिनारायण चारी मिश्र आईजी एससीआरबी पीएचक्यू भोपाल से आईजी प्रशासन पीएचक्यू भोपाल.
- रुचिवर्धन मिश्रा आईजी प्रशासन पीएचक्यू भोपाल से आईजी भोपाल ग्रामीण जोन.
- चंद्रशेखर सोलंकी आईजी विस बल इंदौर रेंज से आईजी नर्मदापुरम जोन नर्मदापुरम.
- मिथिलेश शुक्ला आईजी नर्मदापुरम जोन नर्मदापुरम से आईजी सागर जोन सागर.
- सिमाला प्रसाद डीआईजी पीएचक्यू भोपाल से डीआईजी खरगोन रेंज.
- यशपाल सिंह राजपूत एसपी जिला शाजापुर से एसपी रेल इंदौर.
- रामजी श्रीवास्तव एसपी जिला शहडोल से एआईजी मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी भोपाल.
- संजय कुमार अग्रवाल एआईजी पुलिस अकादमी भौंरी भोपाल से एसपी शहडोल.
- प्रियंका शुक्ला एआईजी पुलिस मुख्यालय से एसपी शाजापुर.

स्कूली बच्चों को साइबर ठगी से बचने के लिए दिए टिप्स

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 3 जुलाई. शासकीय सांदीपनि उ.मा. विद्यालय में स्कूली बच्चों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया. इसमें भोपाल देहात के एसपी पंकज कुमार पांडे, एसडीओपी वैशाली कराहलिया और थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन उपस्थित रहे. एसपी पंकज कुमार पांडे ने बच्चों से सीधा संवाद करते हुए कहा किकिसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें.एसडीओपी वैशाली कराहलिया ने भी बच्चों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की सलाह दी.संचालन शिक्षक दिनेश शुक्ला ने किया. उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई. प्राचार्य डॉ. हरिनारायण मिश्र ने आभार व्यक्त किया.

मंडीदीप में अवैध प्लॉटिंग जारी

मंडीदीप.नगर पालिका क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग का कारोबार लगातार जारी है. सात साल में अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले सिर्फ 3 बिल्डरों के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज हो सकी, जबकि कई कई बिल्डर अब भी बिना वैध अनुमति के खेतों में प्लॉट बेच रहे हैं. जानकारी के अनुसार, गज्जू पिपलिया, सतलापुर, दाहोद रोड, हमीरी रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में बिना शासन की स्वीकृति और आवश्यक विकास कार्यों के प्लॉट बेचे जा रहे हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि खरीदारों को न तो मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं और न ही वैध दस्तावेज.आरोप है कि प्रभावी कार्रवाई के अभाव में अवैध प्लॉटिंग का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है. स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से ऐसे बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, अवैध कॉलोनियों की जांच कराने की मांग की है.

यात्रियों की अपर्याप्त सुविधाओं को लेकर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

विशेष संवाददाता

भोपाल, 3 जुलाई. पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता प्रवीण धोलपुरे ने भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-6 पर यात्रियों को मिल रही अपर्याप्त सुविधाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि यह स्थिति प्रदेश की राजधानी की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगाती है.

उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्लेटफॉर्म से बाहर निकलने वाले यात्रियों को ऑटो स्टैंड तक पहुंचने के लिए लगभग 250 से 300 मीटर पैदल चलना पड़ता है, जिससे विशेषकर बारिश के मौसम में उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्रवीण धोलपुरे ने कहा कि बुजुर्ग, दिव्यांगजन, मरीज, महिलाएं, छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाले परिवार तथा भारी सामान लेकर चलने वाले यात्रियों को जलभराव और कीचड़ से भरे रास्तों से गुजरना पड़ता है. उन्होंने आरोप लगाया कि मेट्रो निर्माण कार्य के कारण आवागमन और अधिक कठिन हो गया है, जबकि बारिश के बाद हमीदिया रोड क्षेत्र में जलभराव की समस्या यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा देती है.

नाले में बुजुर्ग की जान बचाने वाली पुलिस टीम सम्मानित

भोपाल, 3 जुलाई. हनुमानगंज थाना क्षेत्र में नाले में डूब रहे एक बुजुर्ग की जान बचाने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस मुख्यालय ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है. इस संबंध में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने आदेश जारी किए हैं. 28 जून को पुट्ठा मिल की दीवार के पास स्थित नाले में एक अज्ञात बुजुर्ग के डूबने की सूचना पुलिस को मिली थी. सूचना मिलते ही हनुमानगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दलदल व नाले के पानी में फंसे बुजुर्ग को काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला.

गंभीर हालत में होने के कारण पुलिस ने बिना देर किए उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जिससे समय पर उपचार संभव हो सका.डीजीपी ने कार्यवाहक उपनिरीक्षक रामसजीवन वर्मा को 4 हजार रुपये, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रदीप पदम को 2,500 रुपये तथा आरक्षक मोहित और राजेंद्र रघुवंशी को 2-2 हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है.

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है सरकार : पटेल

बैरसिया, 3 जुलाई. जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (ग्रामीण) के अध्यक्ष अनोखीलाल पटेल ने स्थानीय रेस्टहाउस में प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है.नीट पेपर लीक मामला इसका बड़ा उदाहरण है. किसान भी खाद-बीज की कालाबाजारी जैसे गंभीर संकट से गुजर रहा है. उन्होंने कहा कि उज्जैन भूमि प्रकरण में सरकार चुप्पी साधे हुए हैं. पटेल ने कहा है कि कांग्रेस का यह संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य, किसानों के अधिकार , पारदर्शी शासन ओर लोकतांत्रिक की जबावदेही सुनिश्चित करने प्रदेश की जनता की रक्षा के लिए निरंतर जारी रहेगा. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब साहू , लोकेश दांगी , पूर्व पार्षद राजू धाकड़ , पार्षद चंचल खत्री उपस्थित थे.

जीआरपी की मैराथन और पौधरोपण आज

भोपाल, 3 जुलाई. जीआरपी भोपाल द्वारा 4 जुलाई को सुबह 6 बजे भारत माता चौराहा स्थित साइबर बिल्डिंग के सामने 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है.

नाम परिवर्तन

मैं AZEEZ AHMED S/O JAMEEL AHMAD आयु वयस्क निवासी: 71 कोलीपुरा छावनी भोपाल मेरे दस्तावेजों में पहले मेरा नाम AZIZ AHMAD दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम AZEEZ AHMED हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा.

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, इन्दौर संभाग क्र. 1

जी-13, प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी, क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पास, इंदौर 452011, फोन : 9425601533

निविदा सूचना क्र. 07/2026-27

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र. 1, इन्दौर द्वारा सिंहस्थ-2028 योजनांतर्गत इन्दौर एवं धार जिलों में निर्माण कार्यों की निविदा क्र. (1) 2026_MPPHC_518943 (2) 2026_MPPHC_518944 (3) 2026_MPPHC_ 518945 आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/126694/2026 **परियोजना यंत्री**

हमलावर गिरफ्तार

बैरसिया.जूनापानी प्लांटेशन में पौधारोपण के अंदर अतिक्रमण कर ट्रैक्टर से जुताई रोकने पर वनरक्षक राजेश ततवाय एव महेश साहू पर हमला करने वाले आरोपियों को गुनगा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया. न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया. आरोपियों में रबुदा उर्फ कुवेर सिंह, महेंद्र मीणा, सीताराम, अरविंद, सोनू मीणा हैं.

टैंकर और श्मशान पर सबसे ज्यादा विधायक निधि खर्च

मंडीदीप. 3 जुलाई. भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विधायक निधि का सबसे अधिक उपयोग पानी के टैंकरों के वितरण और श्मशान घाटों के निर्माण पर किया गया. विधायक सुरेंद्र पटवा की अनुशंसा पर 691 हितग्राहियों को विभिन्न मदों में करीब 75 लाख रुपये की राशि का लाभ दिया गया. विधायक निधि से यात्री प्रतीक्षालय, पेवर ब्लॉक, चबूतरे, जैन धर्मशाला के सौंदर्यीकरण तथा सुल्तानपुर स्थित राधाबाई फाउंडेशन स्कूल के लिए फर्नीचर सहित करीब 45 लाख रुपये के विकास कार्य भी कराए गए. 94 लाख की लागत से 30 से अधिक पंचायतों में 5,500 लीटर क्षमता के 59 पानी के टैंकर वितरित किए गए. हालांकि, सामुदायिक भवन, धर्मशाला, बच्चों के लिए उद्यान और कई गांवों में हैंडपंप जैसी मूलभूत सुविधाओं पर अपेक्षित कार्य नहीं होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं. आरोप है कि ०कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके परिजनों को भी 5 हजार से 25 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई.

योजनाओं का समय पर मिले लाभ : शर्मा

▶ संभागायुक्त ने रायसेन में की समीक्षा बैठक ली

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 3 जुलाई. रायसेन कलेक्टर कार्यालय में संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने शुक्रवार को सभी विभागों समीक्षा बैठक की. संभागायुक्त ने विभागवार योजनाओं तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तथा सेवाओं की प्रदायगी समयावधि में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराना शासन की प्राथमिकता है.

इसके लिए सभी अधिकारी दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करें. उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का नियमों को ध्यान रखते हुए संवेदनशीलता और व्यवहारिक दृष्टिकोण के साथ त्वरित रूप से निराकरण किया जाए. कलेक्टर अरुण कुमार

विश्वकर्मा द्वारा संभागायुक्त को जिले में शासन की योजनाओं तथा कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया. संभागायुक्त ने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि राजस्व प्रकरणों को तहसीलवार समयसीमा के पहले ही निराकृत करने के निर्देश दिए. लोक सेवा गारंटी अधिनियम, सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों 50 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए गए.

गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत समग्र सीडिंग कार्य समय से पूर्ण कराने, जनमन योजना और धरती आबा योजना के तहत चिन्हित ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, एक बगिया मां के नाम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों तथा पुल-पुलियों का निर्माण, नवीन पंचायत भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया. बैठक में डीएफओ रायसेन प्रतिभा शुक्ला, डीएफओ औबेदुललागंज हेमन्त रायकवार, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे. अनुभागों से सभी एसडीएम तथा अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे.

नाम परिवर्तन

मैं प्रदीप शर्मा पिता श्री राम लखन शर्मा निवासी LIG 83/A/2B सेक्टर साकेत नगर भोपाल सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम प्रदीप कुमार शर्मा दर्ज हो गया है जो की गलत है. मेरे सभी दस्तेवाजों में मेरा नाम प्रदीप शर्मा (PRADEEP SHARMA) है. इसी नाम को पासपोर्ट में दर्ज किया जाए. भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए.

CHANGE OF NAME

I Nasreen is legally wedded wife of No 7783443L Rank: Nk (MP) Kutubasab Timmanakatti, Resident Vill: Ingalgi, Po: Ingalgi, Teh: Soundatti, Distt: Belagavi, State Karnataka, PIN:591111. Declare that my name in my husbands service records is Nasreen. Now my name has been changed from Nasreen to Nasareen Kutubasab Timmanakatti vide affidavit No CA 419265 dt 01 Jul 2026 before district Court Bhopal.

पश्चिम मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत इंजी./ टीआरडी/ पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक व समय को ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **(1) निविदा क्र.:** बीपीएल/ टीआरडी/ डीआरजी/ डब्ल्यू सी/464आरटी **कार्य का विवरण:** रिप्लेसमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग ऑवर ऐज्ड पोर्सलेन इंसूलेटर ऑवर भोपाल डिविजन। **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 24 माह **अनुमानित लागत:** ₹ 8,58,65,007.56/- **ईएमडी:** ₹ 1717300/- **(2) निविदा क्र.:** बीपीएल/ टीआरडी/ डीआरजी/ डब्ल्यू सी/483 **कार्य का विवरण:** प्रोविजन ऑफ एंटी-बर्ड डिस्क फॉर प्रिवेंशन ऑफ बर्ड फॉल्ट ओवर भोपाल डिवीजन। **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 12 माह **अनुमानित लागत:** ₹4,06,50,556.00/- **ईएमडी:** ₹ 8,13,000.00/- **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** क्रमांक 1,2: 27.07.2026 को 11:00 बजे तक

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी), प.म.रे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना निविदा संख्या EPC of ET-KNW-7EI-WCR-01, दिनांक 30/06/2026

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी (प्रोजेक्ट) पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) कार्य का नाम:** ET-KNW खंड, भोपाल डिवीजन, वेस्ट सेंट्रल रेलवे के HDN/HUN मार्गों में सुरगांव बंजारी, चारखेड़ा खुर्द, छनैरा, बारूद, डागरखेड़ी, इटारसी-बी केबिन और बीर स्टेशनों (कुल 7 स्टेशन) पर विद्यमान PI के स्थान पर EI की व्यवस्था-जिसमें इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग तथा दूरसंचार कार्य, EI भवनों का निर्माण, सामान्य लाइटिंग, AT की व्यवस्था आदि शामिल हैं। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 832088586.30/- **बयाना राशि:** ₹ 16641800.00/- **टेण्डर फॉर्म की कीमत:** 0.00 **कार्य समाप्ति अवधि:** 720 (दिन) हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित **टेण्डर जमा करने की तारीख:** 27/07/2026, 15:00 बजे तक. पूर्ण टेण्डर शिड्यूल से संम्बधित सम्पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा/बोलीदाताओं के पास क्लास III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। मिनिमम एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया एम.ई.सी (ए) एवं (बी) और बिड केपेसिटी से संम्बधित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

(हस्ता.)

मण्डल संकेत एवं दूरसंचार इंजी. (प्रोजेक्ट) पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY

Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010

email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

Tender Notice

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

No.	Tender number & date of issue	Name of work	Work duration & PAC	Cost of Tender Form and EMD (INR)	Last date of tender
1	UDA/ET/26/106 Date 30-06-2026 2026_DTCP_518316_1	Request for Proposal (RFP) for Empanelment of Consultants and Architects for various works of UDA	1095 days 5,00,00,000/-	5900/- 50,000/-	207/2026

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)

Executive Engineer, UDA, Ujjain

सोने की नीलामी की सूचना

बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL"); पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-08-26): **आष्टा - कन्नौद रोड**; POX6G0L25088379. **बालाघाट - बीजीएल**; PNS9G0L26430425. **बरेली - राठी कॉलोनी**; PCA3G0L25483410, 26187736, 27181052, 28736878. **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4G0L24250490, 24288950, 26465795, 27033142, 29124247. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46G0L25903971, 27741245. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49G0L24908845, 25522327, 25529363, 25507474, 25725797, 28032344, 29162472. **भोपाल - करोंद**; PJD2G0L26841514. (11-08-26) **भोपाल - एमपी नगर**; PCA5G0L9173459, L9872010, 10213247, 17909617. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6G0L25506259, 25499964, 25487397, 27387226. **बुरहानपुर - अमरावती रोड**; PQE2G0L24125201. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1G0L28336525. **डबरा - मेन रोड**; PKH4G0L26049831, 26058724. **दमोह - मेन रोड**; PQD8G0L23739335, 26749457. **दतिया - सीता सागर**; PMN5G0L26268926. **देवास - एबी रोड**; PGG2G0L25536696, 26993275, 27017944, 27178660, 27762826, 28698013. (12-08-26): **देवास - मां चामुंडा टेकरी**; PQH2G0L26958322. **धामनोद - एबी रोड**; POZ3G0L28669782, 28682940. **धार - इंदौर रोड**; PQD6G0L26271672. **गाडरवारा - इंद्रा वार्ड**; PKA3G0L26101619, 28696843. **गंज बासौदा - मेन रोड**; P02WG0L24688008. **ग्वालियर - बड़ा जीवाजी चौक**; PQT8G0L29127587. **गुना - एबी रोड**; PEH2G0L25447719, 26284626, 27779845, 28274128, 28299020, 28525291. (13-08-26) **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7G0L11515324, 24092327, 24060091, 24246407, 24454200, 25171345, 25464077, 25660094, 26456915, 26435042, 27778924, 28075282, 28719719. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1G0L25502478, 25668683, 26037417, 26477571, 26783487, 28656117. **ग्वालियर - मुरार**; PHF9G0L27353684. **ग्वालियर - नया बाजार**; PF25G0L24242178, 25142309, 25712325, 27355243, 27409025, 27366060, 28453176. **ग्वालियर - पिंटू पार्क**; PQV3G0L28718575. **ग्वालियर - तानसेन रोड**; PPC9G0L27020087, 27023755. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2G0L24618974, 26220999, 26414910, 27210466, 27701612, 28048700. **हरदा - बाफना टावर**; PCA8G0L24294044, 26060212. (14-08-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9G0L28683858, 28667890. **इंदौर - मरीमाता स्क्वायर**; POZ2G0L18021821, 24048006, 28343732. **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9G0L25845524, 26410019, 27042364. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; P03WG0L28716740, 28942758. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4G0L24089836, 24637631, 24952239, 26418066, 26848427, 27211532, 28264520, 28263528, 28307366, 29141691. **जबलपुर - रद्दी चौकी**; POX3G0L25720878, 26809486, 26798537, 26812539, 26803711. **जबलपुर - राइट टाउन**; PG03G0L23770731, 28122953, 28307047, 28743664, 28656848. (17-08-26) **कटनी - सुभाष चौक**; POX4G0L26234320, 26479192, 26847807. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1G0L26409897, 27739406, 28890375. **महू - हरि फाटक**; PMN4G0L26087259. **मुरैना - शिवनगर**; PJC8G0L23777952, 24476112, 24897232, 26040574, 27551038, 27787159, 28514463, 29063417. **नरसिंहपुर - बीजीएल**; PNT1G0L25167902, 25172383, 27219652, 27737436, 28500663. **नीमच - गांधी वाटिका**; POZ4G0L27000585. **पिपरिया - स्टेशन रोड**; POX8G0L25094840. **पोरसा - बीजीएल**; POA4G0L26052634, 26448690, 28273680, 29089320, 29078745, 29101726. (18-08-26): **रीवा - बीजीएल**; PNR9G0L27769706. **सबलगढ़**; P13PG0L5591433, L5744781. **सागर - मकरोनिया**; PQH1G0L29116790, 29120411. **सागर - परकोटा**; PLL1G0L27001333, 27760927, 28554455. **सनावद - इंदौर खंडवा रोड**; PQD4G0L24237733, 24897274, 27177308, 28311862, 29149030. **सतना - रीवा रोड**; PCP2G0L26987808. **Sसीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड**; PCP3G0L23735448, 23738224, 24453373, 29071107. (19-08-26) **सिवनी - शक्ति नगर**; POX7G0L25705299, 26184442, 26835043, 28860795. **शहडोल - बीजीएल**; PNT3G0L23812674, 24980110, 25145487, 25096604, 25120992, 26058491, 26224708, 26801054, 28205814, 28475199. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3G0L29064724. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3G0L23807589, 24887473, 25078586, 26208433, 26964356, 27397766, 27749305, 27743691, 28686598, 28693880, 28926496. **शुजालपुर - मंडी**; PPG5G0L24904040, 24908607. **सिहोर - मेन रोड**; PQR5G0L23802805, 26221501. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4G0L24078614, 24623586, 24725003, 25717827, 26275960, 26456223, 26421776, 26427278, 27235850, 27527675, 28106995.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड